EDII

Debiyapur Aureyaa / Amrut Vichar

December 09, 2023

प्रशिक्षण में मौजूद महिलाएं व प्रशिक्षक। अमृत विचार

उद्यम स्थापित करने के बताये गये गुर

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू हुआ उद्यमिता विकास प्रशिक्षण
- एनटीपीसी में शुरू किया गया कार्यक्रम

अमृत विचार। एनटीपीसी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कया । प्रशिक्षण आठ दिसंबर तक चलेगा।

एनटीपीसी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पांच दिन की उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक जसवीर सिंह अहलावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अहमदाबाद से प्रशिक्षण देने आए अंजनी कुमार ने महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता बिक्री संवर्धन पैकिंग उत्पाद की लागत व मूल्य निर्धारण इतिहास विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही महिलाओं को सफल उद्यम संस्थान का भ्रमण भी कराया जाएगा। डिजिटल मार्केटिंग एवं बैंकिंग से किसी भी उद्यम के लिए किस प्रकार से ऋण लिया जा सकता है विषयों पर बैंक शाखा प्रबंधक और एफडीओ एक्सपर्ट का भी सत्र में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हम परियोजनाओं की समृद्धि गांव में निवास करने वाला परीक्षा कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसे समाज की संरचना करने जा रहे हैं जिसमें महिलाएं आत्मनिर्माण बन सकेंगी।

इस दौरान जागृति महिला मंडल के अध्यक्ष सरोज अहलावत, अपर महा प्रबंधक मानव संसाधन राय थॉमस, महासचिव जागृत महिला मंडल निधि पांडे, समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान विभिन्न गांव की 40 महिलाओं को प्रशिक्षण में शामिल किया गया।